Washim District Police

Nature of Work :- **Arresting Gamblers**

Police Station :- **SDPO Karanja**

Date of Good Work done :- **14/12/2022**

Brief of the work done :-

अवैध धंद्यांवर वाशिम जिल्हा पोलीस दलाची विशेष कारवाई मोहीम ; 19 दिवसांत अवैध धंदे करणारे 509 अटकेत.

अवैध धंधों में लिप्त 509 गिरफ्तार

वाशिम, ब्यूरो. जिले में अवैध शराब बिक्री व जुआ खेलनेवालों पर रेड करके अवैध धंधे करनेवाले के खिलाफ विशेष मुहिम चलायी जा रही है. जिसमें 509 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. वाशिम जिले में 19 दिनों की विशेष मुहिम चलाकर 13 पुलिस थानों अंतर्गत अवैध शराब विक्रेता 390 आरोपियों पर रेड करके शराबबंदी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई. इस में 11.27 लाख का नगद माल जब्त किया गया. इसी प्रकार से अवैध रूप से जुआ खेलने वाले 47 आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र जुगार अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाकर इसमें 13 लाख रुपयों का नगद माल जब्त किया गया. इन में से यहां के स्थानीय अपराध शाखा के दल ने अवैध जुआ खेलने वाले 31 आरोपियों पर कार्रवाई कर 2.21 लाख रुपयों का नगद माल तो अवैध शराब बिक्री करनेवाले 5 आरोपियों पर कार्रवाई करके 2.93 लाख का नगद माल जब्त किया है. वर्ष भर में जिले में अवैध शराब बिक्री करनेवाले कुल 2,145 कार्रवाईयों में 1.64 रुपयों का नगद माल जब्त किया गया है व अवैध जुआ खेलनेवाले 977 आरोपियों पर कार्रवाई करके कुल 93.49 लाख का नगद माल जब्त किया गया. नागरिकों ने अवैध धंधों के खिलाफ जानकारी, शिकायत नियंत्रण कक्ष को देने का आह्वान वाशिम जिला पुलिस दल ने किया है.